आज़ादी का अमृत महोत्सव

सुधांशु पाण्डेय
सचिव
SUDHANSHU PANDEY
SECRETARY

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
कृषि भवन, नई दिल्ली–110 001
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION
MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS
FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION
NEW DELHI-110 001
Tel.: 011-23382349, Fax : 011-23386052
E-mail secy-food@nic.in

अपील

"हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को अनंत शुभकामनाएं"

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी भाषा ने समूचे देश को संपर्क और संवाद के एक सूत्र में बांधकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी भाषा के इसी महत्व को समझते हुए, भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी भाषा को भारत गणराज्य की कामकाज की भाषा अर्थात् राजभाषा के रूप में अपनाया।

2. संपूर्ण देश में विकासात्मक कार्यों को जन-साधारण तक पहुंचाने में राजभाषा हिंदी की विशेष भूमिका रही है। भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और नए भारत के निर्माण में राजभाषा हिंदी बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रही है। अपनी सर्वव्यापकता के कारण ही आज हिंदी भारत की संपर्क भाषा के साथ-साथ संघ सरकार की राजभाषा भी है। इसलिए संघ सरकार की राजभाषा के रूप में हमें हिंदी को शिखर तक पहुंचाना है। राष्ट्र की भाषा जब विकास की वाहक बनती है, तो नागरिकों में राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना बढ़ती है।

3. अत: राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार हमारा संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ सामूहिक कर्तव्य भी है।

4. विभाग एवं विभाग के सभी अधीनस्थ व संबद्ध कार्यालयों के समस्त कार्मिकों से मेरी अपील है कि हिंदी दिवस के पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि हम सभी सरल और सुबोध राजभाषा हिंदी को अपनाकर राजकीय कार्यों में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करेंगे और अन्य सभी को भी अपना कार्य हिंदी में करने के लिए प्ररित करेंगे।

सुधांशु पाण्डेय

(सुधांशु पाण्डेय)

नई दिल्ली।
14 सितम्बर, 2022